झारखंड राज्य स्तरीय जूडो चैंपियनशिप

चर्चा में क्यों?

18-20 नवंबर, 2022 को झारखंड जूडो एसोसिएशन के तत्वावधान में राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन राँची के खेल गाँव स्टेडियम में किया गया, जिसमें पलामू को दो ब्रोंज मेडल मिले हैं।

प्रमुख बिंदु

- इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य से 1000 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- राज्य के जूडो कोच सेंसई सुमित वर्मन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पहली बार पलामू के चार खिलाड़ियों ने भाग लिया और इन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने खिलाड़ियों से प्रभावशाली प्रदर्शन कराने में सफल रहे जूडो कोच सेंसई सुमित वर्मन को पलामू ज़िले के बेस्ट कोच के सम्मान से सम्मानित किया गया।
- पलामू के मेदिनीनगर के ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के अश्विनि कुमार सब जूनियर केटेगरी में माइनस 50 किग्रा. से खेलते हुए बोकारो, धनबाद, गिरिडीह को हराते हुए सेमीफाइनल राउंड में पहुँचे, जबकि दि कराटे एकेडमी के सौरभ कुमार ने माइनस 50 किग्रा. वेट कैटेगरी से खेलते हुए राँची के खिलाड़ियों को अपने टेक्निक से चित करते हुए ब्रोंज मेडल हासिल किया। जूनियर कैटेगरी में पलामू के राम प्रताप सिंह ने 55 किग्रा. वेट कैटेगरी से खेलते हुए कोडरमा के खिलाड़ियों को हराकर ब्रॉन्ज हासिल किया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-state-level-judo-championship